THE LAIDLAW MEMORIAL SCHOOL & JUNIOR COLLEGE, KETTI.
ENTRANCE EXAMINATION – (2022- 2023)
SUBJECT: HINDI

CLASS: 6 (VI)	**DATE: / / 2022**
READING TIME: 5 MINS	**TOTAL MARKS: 25**
WRITING TIME: 1 HOUR	**NO. OF PAGES: 02**

……………………………………………………………………………………………

QUESTION-1 [10]

निम्नलिखित वाक्यों में से किसी एक पर 100 शब्दों में निबंध लिखें-

१. मेरा मित्र

२. महात्मा गांधी जी

३. मेरा स्कूल

४. विजयदशमी

QUESTION-2 [5x1=5]

नीचे दिए गए अपठित गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए-

संसार में सबसे मूल्यावान वस्तु समय है क्योंकि दुनिया की अधिकांश वस्तुओं को घटाया-बढ़ाया जा सकता है, पर समय का एक क्षण भी बढ़ा पाना व्यक्ति के बस में नहीं है। समय के बीत जाने पर व्यक्ति के पास पछतावे के अलावा कुछ नहीं होता। विद्यार्थी के लिए तो समय का और भी अधिक महत्त्व है। विद्यार्थी जीवन का उद्देश्य है शिक्षा प्राप्त करना। समय के उपयोग से ही शिक्षा प्राप्त की जा सकती है। जो विद्यार्थी अपना बहुमूल्य समय खेल-कूद, मौज-मस्ती तथा आलस्य में खो देते हैं वे जीवन भर पछताते रहते हैं, क्योंकि वे अच्छी शिक्षा प्राप्त करने से वंचित रह जाते हैं और जीवन में उन्नति नहीं कर पाते। मनुष्य का कर्तव्य है कि जो क्षण बीत गए हैं, उनकी चिंता करने के बजाय जो अब हमारे सामने हैं, उसका सदुपयोग करें।

(क) संसार में सबसे मूल्यवान वस्तु क्या है

(ख) विद्यार्थी के जीवन का उद्देश्य क्या है

(ग) मनुष्य का क्या कर्तव्य है

(घ) क्या व्यक्ति के बस में नहीं है

(ङ) किस प्रकार के विद्यार्थी पछताते है

QUESTION-3 [4x2=8]

I.निम्नलिखित शब्दों में से किन्हीं दो के विलोम शब्द लिखें-

आकाश, जीवन, अमृत, आदान

II. निम्नलिखित शब्दों में से किन्हीं दो के लिंग लिखें

मोर, शेर, बाघ, अध्यापक

III.निम्नलिखित शब्दों में से किन्हीं दो के पर्यायवाची शब्द लिखें-

बादल, नारी, घोड़ा, तालाब

IV.निम्नलिखित शब्दों में से किन्हीं दो के वचन बदले

नदी, सखी, माता, चिड़िया

QUESTION-4 [2x1=2]

नीचे लिखे वाक्यों को अंग्रेजी में अनुवाद करें-

१. मैं एक छात्र हूँ।

२. मेरा नाम श्याम है।

****